वीर सैनिक

तैनात रहते हैं सीमा पर
अपना सीना ताने
झुक नहीं सकते
ये हैं देश के दीवाने

गद्दारी हो नहीं सकती है
देश के विपक्ष में
है कुर्बान जान भी
धरती माँ के समक्ष में

क्योंकि इस देश की
माँ का दर्जा मिलता है
हर फूल इस वतन में
उनके चरणों में खिलता है

कइयों ने दी है कुर्बानी
धरती माँ के वास्ते
मिटा दिया था जो भी आया
इस देश के रास्ते

क्योंकि यह धरती उनको
जान से ज्यादा प्यारी थी
उन्होंने अपनी जान दे कर
इसकी नजर उतारी थी

शहीद होकर भी वो
अमर हो जाया करते हैं
ऐसे वीर शहीदों को
हम सलाम करते हैं

शरीर में पानी नहीं
खून में रवानी होना चाहिए
इन शहीदों की तरह जो जन्म देसकें
ऐसा हिन्दुस्तानी होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner